an>

Title: Regarding Political vendetta unleashed by the Government through Central Investigation agencies against the opposition party leaders particularly in Karnataka.

**माननीय अध्यक्ष :** हां, बोलिए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** महोदया, मैं आपका ज्यादा समय नहीं लेना चाहता हूँ। खासकर मैंने एक एडजर्नमेंट मोशन दिया था, उसे तो आपने रिजेक्ट किया है, लेकिन इसका मकसद यही था। The political vendetta unleashed by the Government of India using Central investigation agencies against the Opposition Party leaders, particularly in Karnataka for their political gain points to a dangerous tendency in the country, which would ruin the very ethos of democracy, warrants a clarification. …(*Interruptions*)

मेरा कहना यही है कि डेमोक्रेसी में अब जब गुजरात में चुनाव चल रहे हैं और खासकर राज्य सभा की तीन सीटों के लिए वहाँ पर चुनाव हो रहे हैं। ...(व्यवधान) कांग्रेस के पास 57 मेंबर्स थे और उसे चार अन्य मेंबर्स का सपोर्ट था। ...(व्यवधान) उसके बाद तोड़-फोड़ करके पाँच मेंबर्स को उन्होंने अपने पास ले लिया।...(व्यवधान) मैं बैकग्राउन्ड बता रहा हूँ। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं कहते।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** यह नहीं जा सकता।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** इंकम टैक्स डिपार्टमेंट को यूज करके ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** नो, नो, यह एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप है।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** कर्नाटक में ईगल रिसोर्ट में जो 42 एमएलएज थे, उन एमएलएज को डरा कर, धमका कर, टेरोराइज करके, वहां पर ईडी के लोगों को भेजा है। ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** टेरोराइज करके भेजा है।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** यस, भेजा है। वहां भेज कर, जो वहां 42 मेंबर्स थे, उनको इंकम टैक्स आफिसर्स की तरफ से डराया, धमकाया जा रहा है। उनको डराकर ...(व्यवधान) पहले तो गुजरात में हुआ, उसके बाद सेफर प्लेस समझ कर वे दूसरी तरफ मूव हो गए हैं।...(व्यवधान) लेकिन वहां पर फिर इन्होंने इंकम टैक्स के लोगों को वहां पर भेज कर सिर्फ उन्हीं के ऊपर नहीं, वहां के कांग्रेस नेता के ऊपर भी रेड करके, जिस रूम में वे थे, उस रूम को भी उन्होंने सर्च किया। इसीलिए मैं यह चाहता हूं कि इस ढंग से वैंडेटा, विच-हंटिंग इस देश में चली तो कोई पार्टी डेमोक्रैसी में बच नहीं सकती है। ठीक है, अगर किसी ने इकॉनामिकल आफेंस किया है, कोई व्यक्ति हो, कोई लीडर हो, कोई भी हो, मैंने भी अगर किया है, तो आप कानूनन मेरे ऊपर एक्शन लीजिए, लेकिन आप पॉलिटिकली एक इलेक्शन जीतने के लिए, एक राज्य सभा के उम्मीदवार को हराने के लिए, आप जो यह कोशिश कर रहे हैं, इसमें कामयाब नहीं होंगे। ...(व्यवधान)

मैं कह रहा हूं कि कल के दिन यही मुसीबत आपको झेलनी पड़ेगी, अगर कोई लोग इसी ढंग से काम करे, इसीलिए मैं चाहता हूं कि आपकी ओर से मिनिस्टर इसे क्लेरिफाई करें क्योंकि वह कहना चाहते हैं। एम.एल.ए. के ऊपर नहीं करना चाहता हूं वहां पर कोई मिनिस्टर थे, एम.एल.ए थे उनके ऊपर हम कर रहे हैं लेकिन यह ठीक नहीं है इसलिए मैं उनसे अपील करता हूं कि ऐसे टेरराइज मत करो, डराओ मत, धमकाओ मत, इससे डेमोक्रेसी में काम चलने वाला नहीं है।

**वित्त मंत्री, कॉर्पोरेट कार्य मंत्री तथा रक्षा मंत्री (श्री अरुण जेटली):** अध्यक्ष महोदया, माननीय खड़गे जी ने जो विख़य उठाया है वह गंभीर है लेकिन जो तथ्य उनको बतलाए गए हैं शायद वह अपने आप पर्याप्त और पूरे नहीं थे। मैं इसे स्पष्ट कर दूं कि मुझे जो विभाग से जानकारी मिली है, इसे स्वयं भी वैरिफाई किया है। किसी रिजार्ट पर या किसी गुजरात के एम.एल.ए. पर कोई सर्च टैक्स डिपार्टमेंट की तरफ से नहीं हुई, उनसे कोई संपर्क नहीं हुआ। यह बात सच है कि कर्नाटक सरकार के एक मंत्री और उनके सहयोगियों के ऊपर इनकम टैक्स की सर्च हुई है। ...(व्यवधान) 39 स्थानों पर सर्च चल रही है, जिनके खिलाफ सर्च हुई उन्होंने अपने आपको ...(व्यवधान) जिस व्यक्ति के खिलाफ सर्च चल रही है उन्होंने अपने आपको रिजार्ट में पहुंच गए जब उनके घर पर सर्च चल रही थी। जब सर्च चलती है और रिकवरीज होती है और जिस व्यक्ति के खिलाफ होती है उससे कफ्रन्टेशन किया जाता है उसका बयान लिया जाता है। उनसे संपर्क करना वहीं संभव था जहां वे जाकर छुपे थे इसलिए इनकम टैक्स के लोग ...(व्यवधान) इनकम टैक्स के अधिकारी ...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** पहले पूरा सुन लीजिए, पूरा सुनना पड़ेगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

**श्री अरुण जेटली :** मैडम, इनकम टैक्स के अधिकारियों का उनका स्टेटमेंट लेना और उनको वहां से अपने घर ले जाना केवल इस परपस के लिए रिजार्ट में गए, जब वह वहां पहुंचे तो वह व्यक्ति कागज फाड़ रहे थे ...(व्यवधान) फटे हुए कागज और जो डॉक्युमेंट फाड़ रहे थे वह भी पंचनामा में रिकवर हुए, उनको वहां से लेकर घर पर चले गए। इस वक्त वहां कोई भी इनकम टैक्स का अधिकारी नहीं है और यह रेड 39 अन्य स्थानो पर चल रही है, इसे गुजरात के साथ किसी चुनाव से मत जोड़िए, इसे केवल आर्थिक अपराध के साथ जोड़िए।

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे (गुलबर्गा) :** मैं आपसे विनती करना चाहता हूं, ...(व्यवधान) मैं आपसे अपील करना चाहता हूं कि यह जो घटना घटी है, इस घटना के लिए...(व्यवधान) क्योंकि लोकतंत्र में हमें बहुत सतर्क रहना चाहिए...(व्यवधान) और लोकतंत्र की हत्या नहीं होनी चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष :** आप चर्चा चाहते हैं तो हम हाफ एन अवर की चर्चा देते हैं।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अगर प्राइम मिनिस्टर या जेटली जी एश्योरैंस दें कि ऐसा पॉलिटिकल पार्टीज के ऊपर विथ वेनडेंटा, विच हंटींग करते गये तो कोई भी ठीक नहीं रहेगा।...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** ऐसा नहीं होता है।

…(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आपको फाइनैंस मिनिस्टर जी ने बोल दिया।

…(व्यवधान)

**श्री मल्लिकार्जुन खड़गे:** अध्यक्ष महोदया, सरकार इसके बारे में कोई रिस्पाँस नहीं दे रही है।...(व्यवधान) इसलिए हम उनके एटिटयूड को कंडेम करके चले जायेंगे।

-

**12.32 hours**

*(Shri Gaurav Gogoi and some other hon. Members then left the House.)*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री नाना पटोले जी।

…(व्यवधान)

**रसायन और उर्वरक मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्री (श्री अनन्तकुमार):** अध्यक्ष महोदया, मल्लिकार्जुन खड़गे जी हमारी सरकार पर अनाप-शनाप आरोप लगा रहे हैं।...(व्यवधान) यह सरासर गलत है, इसमें कोई तुक नहीं है क्योंकि यदि बंगलुरू और कर्नाटक में उनके एक मंत्री, कर्नाटक राज्य सरकार के एक मंत्री पर इनकम टैक्स का रेड हो रहा है, वह काला धन के खिलाफ रेड हो रहा है।...(व्यवधान) यह करप्शन के खिलाफ रेड हो रहा है। ...(व्यवधान) गुजरात के एमएलएज वहां आकर छुपे हुए हैं, वहां ईगलटन रिसॉर्ट में मौज-मस्ती कर रहे हैं। ...(व्यवधान) गुजरात में बाढ़ है, वहां जाकर वे जनता की सेवा करें।...(व्यवधान) बाढ़ के कारण गुजरात की जनता त्राहि-त्राहि कर रही है, लेकिन वह यहां आकर मौज-मस्ती कर रहे हैं।...(व्यवधान)

मैडम, मैं आपको यह भी कहना चाहूंगा कि कर्नाटक सरकार ने ईगलटन रिसॉर्ट को एक नोटिस देने का निर्णय कैबिनेट में लिया है। वहां के रेवेन्यू मिनिस्टर ने कहा है कि 982 करोड़ रुपये की पेनल्टी ईगलटन रिसॉर्ट पर है।...(व्यवधान) गुजरात के चालीस एमएलए ऐसे रिसॉर्ट में जाकर छुप गये।...(व्यवधान) उसके बारे में कांग्रेस जवाब दे। उसके बारे में ... *...(व्यवधान) जवाब दें।...(व्यवधान) They should come out clean....(व्यवधान) ... * they should come out clean...(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष :** आप नाम नहीं ले सकते हैं, वह नाम नहीं जायेगा।

…(<u>व्यवधान</u>)

**<u>12.34 hours</u>**

-

*(Shri Mallikarjun kharge and some other hon. Members then left the House)*

**माननीय अध्यक्ष :** श्री नाना पटोले जी।

HON. SPEAKER: Now, 'Zero Hour'.

… (*Interruptions*)

HON. SPEAKER: Now, nothing will go on record except Shri George Baker's speech.

*…(Interruptions) …* *